दिन–सोमवार दिनांक– 23 ⁄ 06 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

पटना के कच्ची दरगाह से वैशाली के बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर बने सिक्स लेन पुल के एक हिस्से को आम लागों के लिए खोल दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पुल के राघोपुर तक के हिस्से का उद्घाटन किया। इस पुल की लम्बाई चार दशमलव पांच सात किलोमीटर है। इस पुल के शुरू होने से महात्मा गांधी सेतु पर यातायात का दबाव कम होने के साथ ही स्थानीय लोगों के लिए आवागमन सुगम हो गया है। यह गंगा नदी पर बना एक्स्ट्रा डोज़्ड केबल स्टे ब्रिज है। इसे सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के अनुरूप डिजाइन किया गया है। एक्स्ट्रा डोज केबल ब्रिज की विशेषता यह है कि इसमें केबल को सीधे टावर से नहीं बल्कि डेक के नीचे एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक विशेष ढंग से जोड़ा गया है, जिससे इसकी संरचना न केवल अत्याधुनिक और कई गुना मजबूत है। उद्घाटन समारोह में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, सांसद रवि शंकर प्रसाद, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन मौजूद थे।

———————————————————

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पार्टी के सांगठनिक चुनाव के तहत आज राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। पटना स्थित राजद के केंद्रीय कैंप कार्यालय में श्री प्रसाद ने पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर रामचंद्र पूर्वे के समक्ष अपना नामांकन पत्र भरा। कल नामांकन पत्र की जांच की जाएगी और कल ही अंतिम रूप से प्रत्याशियों के नाम प्रकाशित कर दिये जायेंगे। पांच जुलाई को औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की घोषणा की जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार किसी और के नामांकन भरने की संभावना नहीं है। इस लिए लालू प्रसाद का तेरहवीं बार पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना लगभग तय है।

———————————————————

राज्य सरकार ने सात आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार दो हजार पांच बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी जितेन्द्र राणा को पटना का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। वहीं, गरिमा मल्लिक को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना का आईजी नियुक्त किया गया है। राकेश राठी को विशेष शाखा का आईजी, एस. प्रेमलथा को तकनीकी सेवा और संचार का आईजी बनाया गया है। इधर, मनोज कुमार तिवारी को सीवान का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि अमितेश कुमार को विशेष शाखा, सुरक्षा और के. रामदास को सीआईडी का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

————————————————————

दक्षिण—पश्चिम मानसून की सक्रियता के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गयी है। राज्य के उत्तर—पश्चिम, उत्तर—पूर्व और दक्षिण—पूर्व भागों में फिलहाल मानसून केंद्रीत है। मौसम विभाग ने अपने पुर्वानुमान में कहा है कि पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका है। विभाग ने अगले एक से दो घंटों के दौरान समस्तीपुर, वैशाली, पटना और नालंदा जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

————————————————————

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर में श्यामपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। घटना के समय मृतका खेतों में काम कर रही थी। अंचलाधिकरी हरेन्द्र कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतका के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरीपुर मुसहरी टोला में मवेशी चराने के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि जिले के रानीगंज प्रखंड के गुणवती में बारिश के दौरान बिजली गिरने से दो घर जलकर नष्ट हो गए।

————————————————————

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पैन कार्ड के लिए नए नियम लागू किए हैं। इसके तहत पैन कार्ड बनवाने के लिए अब आधार सत्यापन अनिवार्य किया गया है। नए नियम एक जुलाई से प्रभावी होंगे। अब तक पैन कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड की

आवश्यकता नहीं होती थी। बोर्ड ने कहा है कि इस बदलाव का उद्देश्य फर्जी पैन कार्ड निर्माण पर रोक लगाना है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।